# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (25.03.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.03.2025, PAGE-06

तैयारी | इंटीग्रेटेड बीएड के लिए एनसीटीई ने तैयार किया प्रस्ताव, सभी कॉलेजों में योग का शिक्ष

# बीएड कॉलेजों में तैयार होंगे योग शिक्षक

हि एक्सक्लूसिव

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीएड कॉलेजों में योग शिक्षक भी तैयार किये जाएंगे। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड में इस कोर्स को शुरू करने का प्रस्ताव एनसीटीई ने तैयार किया है और सभी विश्वविद्यालयों को भेजा है। अबतक बीएड कॉलेजों में योग विषय के लिए अलग से कोर्स नहीं चलता था। बिहार विवि में बीएड कॉलेज के संचालक सतीश कुमार ने बताया कि प्रस्ताव तैयार होने के बाद जल्द ही एनसीटीई की तरफ से बीएड की पढ़ाई के लिए गजट भी आनेवाला है। अभी दो वर्षीय बीएड कॉलेज में योग की अलग से पढ़ाई नहीं होती है। एनसीटीई के नये प्रस्ताव में इंटीग्रेटेड बीएड कॉलेजों में योग के लिए अलग से शिक्षक रखने को कहा गया है। पूरे बिहार में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड बीआरएबीयू के चार कॉलेजों में ही चल रहा है।

## योग के साथ संस्कृत की अलग से पढ़ाई

इंटीग्रेटेड बीएड कॉलेजों में योग के साथ संस्कृत विषय की भी अलग से पढ़ाई होगी। जिन छात्रों को संस्कृत से बीएड करना होगा, उन्हें संस्कृत से बीएड की डिग्री दी जायेगी। बीएड कॉलेजों में यह भी पहलीबार शुरू किया जा रहा है। एनसीटीई ने अपने प्रस्ताव में सभी बीएड कॉलेजों में योग और संस्कृत विषय के शिक्षक को रखना अनिवार्य किया है। बिना इन दोनों विषयों के बीएड कॉलेजों की मान्यता पर तलवार लटक जायेगी।



## बीएड कॉलेजों में फिजिकल एजुकेशन रूम अनिवार्य

एनसीटीई ने बीएड कॉलेजों के लिए तैयार किये गये प्रस्ताव में कहा है कि सभी बीएड कॉलेजों में फिजिकल एजुकेशन रूम अनिवार्य रूप से रहे। दो वर्षीय बीएड के साथ चार वर्षीय बीएड कॉलेजों में भी फिजिकल एजुकेशन रूम खोलने को कहा गया है। इस कमरे में छात्रों के लिए खेलकूद की गतिविधियां कराई जाएंगी। खेल के सभी सामान इस कमरे में रखे जाएंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:25..03.2025, PAGE-06

### यूजीसी ने दिया था प्रवेश परीक्षा के जरिए दाखिले का सुझाव

# बीआरएबीयू: पीजी के लिए अगले साल से प्रवेश परीक्षा

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए अगले साल से प्रवेश परीक्षा की तैयारी विवि प्रशासन कर रहा है। परीक्षा बोर्ड से काफी पहले पीजी में दाखिला प्रवेश परीक्षा से लेने का प्रस्ताव पास है। बिहार विवि में पीजी में लगातार एडमिशन के लिए बढ़ती मारामारी के कारण विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। विवि में पीजी की 11 हजार सीटें हैं।

यूजीसी ने भी सभी विश्वविद्यालयों को स्नताक और पीजी में दाखिला प्रवेश परीक्षा कराकर ही लेने का सुझाव दिया था। इस बारे में यूजीसी ने दो बार सभी विश्वविद्यालयों को पत्र भी भेजा है। हालांकि, विवि का कहना है कि अगली बार से पीजी में दाखिला प्रवेश परीक्षा से होगी या नहीं, इसपर अंतिम फैसला कुलपति करेंगे। बिहार विवि में पीजी के सत्र को नियमित करने के लिए इस साल अगस्त में फिर से पीजी में दाखिला लिया जा सकता है। उधर, बीआरएबीयू में सत्र 2024-26 के लिए ऑनस्पाट एडमिशन मंगलवार से होगा। इसके लिए विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया। सभी कॉलेजों को निर्देश दिया गया है कि प्राचार्य ऑनस्पाट एडमिशन मेरिट लिस्ट बनाकर करें। इसके अलावा जिन कॉलेजों ने अबतक दाखिले को विवि के पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया है, उसे अपडेट कर दें। ऑनस्पाट एडमिशन के साथ छात्रों को विषय बदलने का भी मौका दिया जायेगा। ऑनस्पाट एडमिशन 29 मार्च तक होगा। बिहार विवि में पीजी में दो हजार सीटें खाली हैं।

**शून्य अटेंडेंस वाले छात्रों की विशेष कक्षा:** बीआरएबीयू के अंग्रेजी विभाग में जिन छात्रों के शून्य अटेंडेंस हैं, उनकी विशेष कक्षा कराई जा रही है। विभागाध्यक्ष प्रो. विनय शंकर राय ने बताया कि शून्य अटेंडेंस वाले छात्रों को पीजी थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने से पहले इस कक्षा में शामिल कराया जा रहा है। कक्षा करने के बाद उनका फार्म भराया जा रहा है। बीआरएबीयू में सोमवार को कई विभागों में थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने के लिए छात्रों की भीड़ रही।



- विवि प्रशासन कर रहा तैयारी, परीक्षा बोर्ड से है पास
- पीजी में दाखिले के लिए ऑनस्पाट एडमिशन आज से

### बीआरएबीयू को मिले 23 नियमित प्राचार्य

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू को 23 नियमित प्राचार्य मिल गये हैं।विवि सेवा आयोग ने बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों के लिए चयनित प्राचार्यों के लिए विवि का आवंटन कर दिया गया है। इस आवंटन के बाद अब प्राचार्यों को विवि की तरफ से कॉलेज दिया जायेगा। रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने बताया कि आयोग से आधिकारिक पत्र आने के एक हफ्ते के अंदर प्राचार्यों को कॉलेज दे दिया जायेगा। बीआरएबीयू से 12 शिक्षकों का चयन प्राचार्य पद के लिए हुआ था। इनमें से कई लोगों को मिथिला विवि आवंटन किया गया है। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह का भी चयन प्राचार्य पद के लिए हुआ है। उन्हें बीआरएबीयू ही आवंटित किया गया है। एमडीडीएम प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया को भी बीआरएबीयू ही आवंटित किया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.03.2025, PAGE-04


# परीक्षा के तुरंत बाद विश्वविद्यालय जारी करेगा आब्जेक्टिव प्रश्नों की आंसर की

विद्यार्थियों की शिकायत पर विश्वविद्यालय ने **लिया फैसला** सही उत्तर का कर सकेंगे मिलान

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से आने वाले दिनों में वस्तुनिष्ठ सवालों की आंसर की जारी की जाएगी। परीक्षा के तुरंत बाद ही इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। इसकी शुरुआत अगले महीने से होने वाली स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाओं से होगी। इसके बाद थर्ड सेमेस्टर की पीजी परीक्षा से जुड़े आब्जेक्टिव प्रश्नों का उत्तर भी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय के इस निर्णय से छात्र-छात्राओं का काफी फायदा होगा। वे परीक्षा के बाद ही सही उत्तर का मिलान कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से इसकी पूरी योजना तैयार की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि स्नातक और पीजी के नए पाठ्यक्रम के अनुसार अब परीक्षाओं में आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाते हैं। परीक्षा के बाद छात्र-छात्राओं को प्रश्नों के सही उत्तर को लेकर दुविधा की स्थिति बनी रहती है। जब परिणाम जारी होता है तो भी उन्हें कम अंक प्राप्त होते हैं। ऐसे में वे अपने सही-सही उत्तर के बारे में अंदाजा नहीं लगा पाते हैं। बाद में अंक से असंतुष्ट होकर वे आरटीआइ के तहत उत्तर पुस्तिकाओं की छाया प्रति प्राप्त करते हैं। इस आधार पर उन्हें सही गलत की जानकारी मिल पाती है। पिछले दिनों जारी हुए परिणाम के आधार पर कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में पहुंचकर यह आरोप लगाया है कि सही उत्तर होने के बाद उन्हें कम अंक मिले हैं। ऐसे में पारदर्शिता बरतने के लिए विश्वविद्यालय के स्तर से यह फैसला लिया गया है। प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने कहा कि विश्वविद्यालय की कोशिश है कि स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा से इसकी शुरुआत होगी। अंग्रेजी की परीक्षा के बाद उसी दिन शाम में आब्जेक्टिव की आंसर की जारी कर दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों को यह पता चल सकेगा कि उन्होंने कितने प्रश्नों के सही उत्तर दिए। चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत विद्यार्थियों के लिए कुल 70 अंकों की थ्योरी परीक्षा होती है। इसमें 20 अंकों के कुल 10 वस्तुनिष्ठ सवाल होते हैं। साथ ही लघु उत्तरी प्रश्न और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का भी जवाब देना होता है।

## बीएड कालेजों की मनमानी पर छात्रों का प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बीएड कालेजों की मनमानी और परीक्षा फार्म भरने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाकर सोमवार को छात्रों ने हंगामा- प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रशासनिक भवन से होते हुए सभी कुलसचिव कार्यालय पहुंचे। वहां भी उन्होंने नारेबाजी करते हुए बीएड कालेज की मनमानी पर आक्रोश व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं का कहना था कि कालेज बगैर रशीद दिए ही अधिक राशि वसूलते हैं। विरोध करने वाले विद्यार्थियों को कालेज से निकालने की धमकी दी जाती है।

विद्यार्थियों ने मांग की है विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित शुल्क के आधार पर ही बीएड कालेज में फार्म भराया जाए। रजिस्ट्रार ने



मांगों को लेकर कुलसचिव से वार्ता करते छात्र जदयू के कार्यकर्ता • जदयू

छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया है कि जल्द ही इसका समाधान होगा। वहीं विद्यार्थियों ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय स्तर से कोई कार्रवाई नहीं होती है तो छात्र व्यापक आंदोलन करेंगे। छात्र जदयू के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता ने छात्रों का नेतृत्व किया।

मौके पर छात्र जदयू के कांटी प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार, सकरा के शशि रंजन जिला उपाध्यक्ष राहुल झा, शिवम चौहान, चन्दन कुमार, यश कुमार, जिला महासचिव विकास कुमार, सौरभ चौधरी, केतन कृष्णा, राजकुमार, जिला सचिव विशाल कुमार, करण राज, मो. शाहनवाज, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी मेहुल कुमार थे।

## कालेजों-पीजी विभागों में आनस्पाट नामांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स की बची हुई सीटों पर नामांकन के लिए आनस्पाट नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। पीजी विभागों से लेकर कालेजों में विभिन्न विषयों में रिक्त सीटों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाकर ही आनस्पाट नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही पूर्व में आवेदन में बदलाव के लिए विद्यार्थियों को एडिट का भी विकल्प मिलेगा। 29 मार्च तक आनस्पाट नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने सोमवार को पीजी में बची सीटों पर नामांकन की अधिसूचना जारी की है। ये जानकारी डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने दी।

**चार वर्षीय बीएड के विद्यार्थियों का भी पीजी में होगा नामांकन:** चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का भी नामांकन पीजी कोर्स में होगा। विश्वविद्यालय की ओर निर्देश जारी किया गया है। बदले हुए विषय में नामांकन से पहले सभी पीजी विभाग व कालेज इसका ध्यान रखेंगे कि अभ्यर्थी के पूर्व के आनलाइन आवेदन पहले एडिट कराए जाएं। किसी भी परिस्थिति में कालेजों से लेकर पीजी विभागों में उपलब्ध सीटों से अधिक पर नामांकन नहीं होगा। अगर ऐसा होता है तो संबंधित कालेज व पीजी विभाग पर कार्रवाई होगी। सीट से अधिक नामांकन करने की स्थिति में उसे यूएमआइएस पर अपडेट नहीं किया जाएगा। इसकी जवाबदेही प्राचार्य व पीजी विभागाध्यक्षों की होगी। पूर्व में जारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय मेरिट लिस्ट में फीस का भुगतान कर नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों की सूची यूएमआइएस पोर्टल पर अपलोड करें।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.03.2025, PAGE-04

# बीआरएबीयू को मिले 24 नियमित प्राचार्य

- बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने नियमित प्राचार्यों को आवंटित किया विश्वविद्यालय
- एमडीडीएम कालेज की प्रभारी प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया व सीसीडीसी प्रो. मधु को बीआरएबीयू आवंटित

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को 24 नियमित प्राचार्य मिल गए हैं। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने सोमवार को नए नियमित प्राचार्यों के लिए विश्वविद्यालय का आवंटन कर दिया है। बीआरएबीयू के जुड़े नियमित प्राचार्य के रूप में चयनित होने वाले कई शिक्षकों को दूसरे विश्वविद्यालय में भी आवंटन किया गया है। आयोग की ओर से भेजी गई सूची के आधार पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्तर से प्राचार्यों को कालेजों का आवंटन किया जाएगा।

बताते हैं कि प्रभारी प्राचार्य की भूमिका निभा रहे कई प्राचार्य अपने ही कालेज में नियमित प्राचार्य बनाए जा सकते हैं। एक ही कालेज से एक से अधिक नियमित प्राचार्य बने शिक्षकों को प्राथमिकता के आधार पर दूसरे कालेज पदस्थापित किया जा सकता है। बीआरएबीयू के लिए 32 समेत कुल 173 प्राचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही थी। योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर 116 प्राचार्यों का ही चयन आयोग ने किया है। फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार कर आयोग ने नवचयनित प्राचार्यों को सकता है। बीआरएबीयू के लिए 32 समेत कुल 173 प्राचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही थी। योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर 116 प्राचार्यों का ही चयन आयोग ने किया है। फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार कर आयोग ने नवचयनित प्राचार्यों को विश्वविद्यालय का आवंटन किया है।

एमडीडीएम कालेज की प्रभारी प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया व सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह को बिहार विश्वविद्यालय में ही भेजा गया है। इसके अलावा वीरेंद्र कुमार, श्यामल किशोर, सुनीता कुमारी गुप्ता, मृगेंद्र कुमार, जगो चौधरी, शशिभूषण कुमार, सुधीर कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, सुचेता प्रकाश, विवेकानंद सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार मुकुल, विनोद मंडल, अनिल कुमार, राजीव कुमार, विनोद बैठा, किशोर कुमार पासवान व संजीव कुमार राम भी शामिल है। एलएस कालेज के संजीव कुमार मिश्रा को एलएनएमयू, आरडीएस कालेज के सत्येंद्र प्रसाद सिंह को एलएनएमयू व अन्य चयनित प्राचार्यों को दूसरे विश्वविद्यालय आवंटित किए गए हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR


**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:25.03.2025, PAGE-04

# परीक्षा के बाद ऑब्जेक्टिव सवालों की देंगे आंसर-की

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

□ बीते दिनों जारी रिजल्ट के बाद मूल्यांकन में गड़बड़ी के कई मामले सामने आये

स्नातक व पीजी की परीक्षाओं के बाद ऑब्जेक्टिव सवालों की आंसर-की जारी होगी. बीआरएबीयू ओर से इस संदर्भ में तैयारी की जा रही है. इसकी शुरुआत अप्रैल में होने वाली पीजी व स्नातक की थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा से हो सकती है. बीते दिनों जारी रिजल्ट के बाद मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए छात्र लगातार आंसर-की जारी करने की मांग कर रहे थे. ताकि परीक्षा के बाद वे खुद ही आंसर जांच कर सकें. पिछले दिनों छात्र संगठनों ने भी विश्वविद्यालय प्रशासन को आवेदन देकर सभी परीक्षाओं के समय ऑब्जेक्टिव का आंसर-की जारी करने का अनुरोध किया था. प्रॉक्टर प्रो बीएस राय ने छात्रों को आश्वस्त किया है कि अप्रैल में थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा होगी, तो वे खुद पहल करके पोर्टल पर आंसर-की अपलोड करायेंगे. प्रॉक्टर ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि अप्रैल में शुरू होने वाली थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान अंग्रेजी की आंसर-की परीक्षा के दिन ही शाम तक पोर्टल पर अपलोड कर दी जाये.



□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:25.03.2025, PAGE-04


## पीजी में बची सीटों पर नामांकन के लिए अधिसूचना

# बची सीटों पर ऑन स्पॉट नामांकन आज से होगा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

पीजी कोर्स की बची हुई सीटों पर नामांकन के लिए ऑन-स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी. निर्णय के तहत 29 मार्च तक ऑन-स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. बीआरएबीयू की ओर से सोमवार को पीजी में बची हुई सीटों पर नामांकन के लिए अधिसूचना जारी की गयी. जिसमें अब तक किसी कारणवश नामांकन के लिए आवेदन नहीं करने वाले विद्यार्थी पीजी विभाग या कॉलेज में सीट रिक्त रहने की स्थिति में आनलाइन आवेदन के बाद नामांकन करा सकेंगे.

साथ ही पूर्व में आवेदन में बदलाव के लिए विद्यार्थियों को एडिट का भी विकल्प मिलेगा. वहीं विषय परिवर्तन करने वाले विद्यार्थियों का नामांकन किसी भी प्रायोगिक विषय में नहीं किया जाएगा. डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि ऑन-स्पॉट नामांकन के लिए अधिसूचना जारी की गयी है. इसी आधार पर अब कॉलेजों से लेकर पीजी विभागों में नामांकन की प्रक्रिया होगी.

विभिन्न विषयों में बची हुई सीटों पर नामांकन सामान्य सीट के रूप में किया जाएगा. किसी भी कॉलेज या पीजी विभाग में जहां सीट रिक्त हैं, वहां विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं. वहीं विषय बदलने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित परिनियम को ध्यान में रखना होगा. इसका पालन सभी पीजी विभागों से लेकर कॉलेजों को करना अनिवार्य है.

वहीं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का भी नामांकन पीजी कोर्स में होगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया गया है.

बदले हुए विषय में नामांकन से पहले सभी पीजी विभाग और कॉलेज इसका ध्यान रखेंगे कि अभ्यर्थी के पूर्व के ऑनलाइन आवेदन पहले एडिट कराया जाए.



## विवि के मनोविज्ञान विभाग में 26 को सेमिनार

**मुजफ्फरपुर.** विवि के मनोविज्ञान विभाग में 26 मार्च को राष्ट्रीय सेमिनार होगा. संयोजक व मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ रजनीश गुप्ता ने बताया कि प्रो सोहन राज लक्ष्मी देवी तातेर जैन चेयर, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार होगा. इसका विषय श्प्लेगिरिज्म : फ्रॉम सिंपल चेक्स टू आल पावर्ड टूल्सश है. मुख्य वक्ता के रूप मे डीडीयू गोरखपुर विवि, गोरखपुर के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो धनंजय कुमार व डीन आफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो अनुभूति दुबे व्याख्यान देंगी. विशिष्ट अतिथि विवि के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ रत्नेश मिश्रा होंगे. सेमिनार के प्रबंधन एवं व्यवस्थित रूप से संचालन के लिए कमेटी बनी है. इसमें कोऑर्डिनेटर प्रो सुनीता, सदस्य पूर्व अध्यक्ष प्रो आभा रानी सिन्हा, प्रो अलका जायसवाल, डॉ तूलिका सिंह, डॉ विकास, डॉ रेखा श्रीवास्तव, डॉ अफरोज, मीडिया प्रतिनिधि डॉ ललित किशोर व तकनीकी विशेषज्ञ अमलेंदु कुमार रहेंगे.